आएंगे पौणाहारी जी दिल से बुला के देख

दिल में जोगी के नाम की ॥ ज्योति जला के देख,
अाऐंगे, आऐंगे, आऐंगे पौणाहारी जी,
दिल से बुला के देख ॥

होगा असर दुआ में तो बोलेगी मुर्ति,
जीवन में हर काम की हो जाऐ पुर्ति,
ज्योति जगी है मंदिर में, आ आजमा के देख,
आऐंगे पौणाहारी जी दिल से बुला के देख ॥

किस्मत के ताले खोलना, बाबा के हाथ है,
एक तेरे कष्ट मेटना पल भर की बात है,
किस्मत के ताले खोलेगा, ताली बजा के देख,
आऐंगे पौणाहारी जी दिल से बुला के देख ॥

चरणों में बाबा के रहने से, होता दीदार है,
जिसने पुकारा दिल से भक्ति का सार है,
चरणों में जाके मांगले, तु सर को झुका के देख,
आऐंगे पौणाहारी जी दिल से बुला के देख ॥

दिल में जोगी के नाम की ॥ ज्योति जला के देख,
अाऐंगे, आऐंगे, आऐंगे पौणाहारी जी,
दिल से बुला के देख ॥

अशोक सितारा अम्बाला

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4298/title/ayega-paunahari-ji-dil-se-bhula-ke-dekh-dil-me-jogi-ke-naam-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |